हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 15 जुलाई 2025

04 श्रावण सोमवार को शिव आराधना के लिए…



07 सीहोद गांव में प्रथम सोमवार को लगा श्रद्धालुओं …





## खबर संक्षेप

### शिवालय में रामायण और भजन संध्या हुई

**विदिशा।** बैसनगर स्थित शिवालय में रामायण पाठ, रुद्राभिषेक एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। सावन के द्वितीय सोमवार 21 जुलाई, तृतीय सोमवार 28 जुलाई और चतुर्थ सोमवार 4 अगस्त को यह आयोजन किया जाएगा। प्राचीन शिवगढ़ी बैस नगर के राजा सेवा समिति के अध्यक्ष पंडित नितिन शर्मा नीमखेड़ा और पुजारी अरविंद भार्गव ने शिव भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।


### गायत्री परिवार ने वार्षिक पुरस्कार वितरित किए

**विदिशा।** रविवार को गायत्री शक्तिपीठ ट्रस्ट राजीव नगर में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा-2025 का जिला स्तरीय वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. संध्या पांडे रहीं। कमल सिंह बागड़ी व्हीके जैन, आरपी गुप्ता, हेमा सिंगल सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। संयोजन रश्मि पोरवाल ने किया। जिले के लगभग 9 हजार विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। चयनित छात्र-छात्राओं का तिलक कर, पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया गया। पुरस्कार के साथ तुलसी-बेल के पौधे एक पेड़ मां के नाम अभियान हेतु भेंट किए गए। शिक्षकों को भी सम्मानित कर पौधे सौंपे गए।

### गुरुपूर्णिमा के उपलक्ष्य में कॉलेज में कार्यक्रम

**गुलाबगंज।** गुरु पूर्णिमा पर गुलाबगंज कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं गुरु-शिष्य संबंधपर कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मणिमोहन मेहता ने अध्यक्षीय उद्बोधन में गुरु की महिमा का वर्णन किया। समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक आकाश बावनगड़े ने गुरु-शिष्य परंपरा पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में गीत, कविता-पाठ और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम का संचालन अजीता मीणा ने किया। आभार प्रदर्शन डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह ने व्यक्त किया।

### कांवड़ में जल भरकर 900 किमी की पदयात्रा



**विदिशा।** गो माता को राष्ट्र माता घोषित करने को लेकर वैशाली नगर निवासी हर्ष रघुवंशी और तलैया मोहल्ला निवासी आलोक राजपूत 3 जुलाई को हरिद्वार के लिए रवाना हुए हैं। यहां से दोनों युवक 51 लीटर जल कांवड़ में भरकर पदयात्रा करते हुए विदिशा वापस आएंगे। करीब 900 किमी की उनकी यह पदयात्रा 45 दिन में पूरी होगी। विदिशा में भगवान शिव का जलाभिषेक कर यात्रा का समापन किया जाएगा।

सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस, हादसे के दो दिन बीतने के बाद भी कार का नहीं लगा सुराग


## पार्षदों को टक्कर मारने वाले कार चालक को पकड़ने सौंपा ज्ञापन

## इधर प्रदेशाध्यक्ष से मिलकर अब तक हुए षडयंत्र से अवगत कराया

पार्षद प्रतिनिधियों को टक्कर मारने वाली अज्ञात कार का पुलिस अब तक कोई सुराग नहीं लगा पाई है। पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। इधर सोमवार को नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने एसी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है



**विदिशा।** पार्षदों के साथ नपाअध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने ज्ञापन देकर की जांच की मांग।



**विदिशा।** नपाअध्यक्ष भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा से मिली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पार्षद प्रतिनिधि जमना कुशवाह और धमेन्द्र सक्सेना पर कार से जानलेवा हमला करने वाले कार चालक की गिरफ्तारी की मांग करते हुए पार्षद दल ने एसपी रोहित काशवानी को ज्ञापन सौंपा।

दोनों पार्षद पार्षद प्रतिनिधि नीरज पाल से मिलकर अपने वापस आ रहे थे। तभी लड्डा ऐजेंसी वाली गली में पहले से घात लगाकर बैठे कार सवार ने अंधगति से आते हुए दोनों को टक्कर मारकर उड़ा दिया था। इस घटना को इससे जोड़कर देखा जा रहा है कि रविवार की सुबह पार्षदों का एक दल नपाध्यक्ष को हटाने के लिए भोपाल जाने वाला था। चर्चा है कि इन दोनों पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव में शामिल होने से इंकार किया था। राकेश शर्मा ने ज्ञापन में स्पष्ट लिखा है कि हमारा मानना है कि यह घटना किसी ईर्ष्यावश दुर्भावनापूर्ण मंशा के तहत की गई है। लोगों की सेवा करने वाले पार्षदगणों के प्रति इस प्रकार की हिंसक मानसिकता अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। ज्ञापन देकर घटना की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच कर दोषियों की पहचान कर कार्रवाई की मांग रखी गई है।

### फुटेज खंगाल रहे

पार्षद प्रतिनिधियों को टक्कर मारने की घटना का मामला दर्ज किया जा चुका है। वाहन चालक की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज चेक किए जा रहे हैं। पहचान होते ही गिरफ्तार किया जाएगा।
**-रोहित काशवानी,** एसपी विदिशा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नगरपालिका में परिषद के खिलाफ बगावत करने वाले पार्षदों सहित षडयंत्र में शामिल नेताओं की शिकायत करने नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा सोमवार को भोपाल पहुंची। भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर नपाध्यक्ष ने हेमंत खंडेलवाल से मुलाकात की। विदिशा नगरपालिका में अध्यक्ष की कुर्शी हथियाने के लिये राजनीति को गंदे स्तर तक पहुंचाने का आरोप लगाया। भाजपा नेता राकेश शर्मा ने दावा किया है कि प्रदेश अध्यक्ष से मिलने के लिए करीब 15 पार्षद उनके साथ भोपाल गये थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा से मिलकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी।

### रचे जा रहे षडयंत्रों से प्रदेश संगठन को अवगत कराया



नगरपालिका परिषद द्वारा नगर के विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। यही कार्य कुछ तथाकथित नेताओं को अच्छे नहीं लग रहे हैं। इसलिए उनके इशारे पर ही यह साजिशें रचीं जा रही हैं। शुरु से लेकर अभी तक रचे गए षड्यंत्रों से लेकर सभी तरह के घटनाक्रम से प्रदेश संगठन सहित सभी वरिष्ठों को अवगत कराया है। पार्षदों पर हुए जानलेवा हमले की निंदा करती हूं। आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी की मांग करती हूं।
**-प्रीति राकेश शर्मा,** नपाध्यक्ष विदिशा

संवैधानिक रूप से जिपं अध्यक्षों को बनाया शक्तिशाली

## अब जिला पंचायत सीईओ की सीआर लिखेंगे जिपं अध्यक्ष

### पहले दिया जा चुका है राज्यमंत्री का दर्जा

जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का माना आभार।



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिला पंचायत अध्यक्षों को राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त होने के बाद अब एक और महत्वपूर्ण अधिकार मिला है। अब जिला पंचायत अध्यक्षों को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ की गोपनीय वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट (सीआर) लिखने का संवैधानिक अधिकार प्रदान किया गया है।

यह निर्णय जनप्रतिनिधियों की गरिमा, सहभागिता और जवाबदेही को सशक्त करता है। अब जनप्रतिनिधियों के अनुभवों, आकलन और अनुशंसाओं को भी अधिकारियों की कार्यप्रणाली में मूल्यांकन का हिस्सा बनाया जाएगा। यह कदम लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों की भूमिका को मजबूती देता है।

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने बताया कि इससे ग्रामस्तर पर विकास कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। यह अधिकार मिलने पर उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं सीएम मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है। यह ऐतिहासिक पहल कर जनप्रतिनिधियों की भावनाओं का सम्मान किया है।

### ओलंपस हाई के विद्यार्थियों का भोपाल में सम्मान



**विदिशा।** भोपाल में आयोजित इंटर स्कूल टेक प्रतियोगिता में विदिशा के ओलंपस हाई स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 6 के अनंजय सिंह और अथर्व राज सिंह ने कैनवा सॉफ्टवेयर पोस्टर डिजाइनिंग प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल कर भोपाल कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह से पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता में भोपाल के सीबीएसई व आईसीएसई स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। साइबर क्विज में कक्षा 11 के सुकुमार सक्सेना और कक्षा 10 के प्रिंस धामोनिया ने भागीदारी की। इस सफलता पर स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी और प्राचार्या प्राची रघुवंशी ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई दी।

## पुराने पट्टों और अवैध घोषित कॉलोनियों के कारण 600 परिवार पीएम आवास से वंचित



### रजिस्ट्री अवैध कॉलोनी में होने से अपात्र माने जा रहे

नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी ने बताया कि करीब 190 परिवार पैतृक संपत्ति के कारण वंचित हैं। वहीं लगभग 130 हितग्राही जिन्होंने किस्तों में प्लॉट खरीदे थे, उनकी रजिस्ट्री अवैध कॉलोनी में होने से अपात्र माने जा रहे हैं। कई गरीब परिवारों ने बीते 10–20 वर्षों में खेतों में छोटे-छोटे प्लॉट खरीदे, लेकिन अब वे कॉलोनियां अवैध घोषित कर दी गई हैं। वार्ड 1, 2, 3, 4 और आदिवासी वार्ड 15 में करीब 180 परिवार 20- 30 साल से शासकीय भूमि पर बसे हैं, पर उनके पास वैध दस्तावेज नहीं हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

शमशाबाद नगर परिषद क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत गरीबों को मकान देने का सपना कागजों में ही अटका हुआ है।

नगर में लगभग 35-40 साल पहले ग्राम पंचायत ने जिन परिवारों को शासकीय पट्टे बांटे थे, वे आज तक वहीं रह रहे हैं। लेकिन पट्टे पिता-दादा के नाम दर्ज हैं। ऐसे में वारिसों के नामांतरण न होने से नई पीढ़ी को पात्र नहीं माना जा रहा। नगर परिषद में जमा 1142 आवेदनों में सिर्फ 17 ही पात्र पाए गए। बाकी 1125 आवेदक दस्तावेजी कारणों से योजना से बाहर हो गए हैं।

नगर परिषद अध्यक्ष ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता को पत्र लिखकर ऐसे सभी मामलों में दस्तावेज वैध कराने और पात्र लोगों को योजना का लाभ दिलाने की मांग की है। एसडीएम अजय प्रताप सिंह ने कहा कि शासन की मंशा है कि हर पात्र को लाभ मिले। दस्तावेजों में जरूरी सुधार कराकर अधिक से अधिक गरीबों को योजना का लाभ दिलाया जाएगा।

### पत्र लिखा है

नगर में 600 से अधिक लोग वैध होने के बाद भी शासन के नियमों के कारण अवैध श्रेणी में आ रहे है, जिससे उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। हमने कलेक्टर को पत्र लिखकर मांग की है।
**- भारती प्रदीप माहेश्वरी,** अध्यक्ष नगर परिषद शमशाबाद

### 70 वर्षीय बुजुर्ग कच्चे घर में 9 लोगों के साथ पीएम आवास की राह देख रही



**ग्यारसपुर।** ब्लॉक मुख्यालय के कुम्हार मोहल्ला निवासी 70 वर्षीय सुंदर बाई प्रजापति प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर मिलने की वर्षों से प्रतीक्षा कर रही हैं। उनका नाम योजना की सूची में शामिल होने के बावजूद अब तक उन्हें कुटीर स्वीकृत नहीं हुआ है। सुंदर बाई अपने परिवार के 9 सदस्यों के साथ जर्जर कच्चे मकान में रहने को मजबूर हैं, जिसकी हालत इतनी खराब है कि बारिश में गिरने का खतरा बना रहता है। बुजुर्ग महिला ने बताया कि क्षेत्र में कई लोगों को कुटीर मिल चुकी है जिनकी हालत बेहतर है, लेकिन वास्तव में जरूरतमंद अभी भी वंचित हैं। इस संबंध में ग्राम पंचायत के सचिव नरसिंह दास बैरागी ने कहा कि सुंदर बाई का नाम पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकृत है। जैसे ही शासन से राशि स्वीकृत होकर आएगी, खाते में जमा कर निर्माण की प्रक्रिया कराई जाएगी।

### रेलवे ट्रैक पर मिला शव सिर झाड़ियों में पड़ा था

**विदिशा।** उदयनगर कॉलोनी के पीछे रेलवे ट्रैक पर सोमवार सुबह 10 बजे एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। शव का धड़ ट्रैक पर तो वहीं उसका सिर पास की झाड़ियों में पड़ा था। सिविल लाइन थाना पुलिस के अनुसार शव की पहचान सुभाष नगर गली नंबर 6 निवासी बृजेश कुशवाहा (27) के रूप में हुई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक बृजेश हार्वेस्टर चलाने का काम करता था। परिजनों ने बताया कि बृजेश रविवार रात कथा में जाने की बात कहकर घर से निकला था। वह रात भर घर नहीं लौटा। मां ने बताया कि वह अक्सर काम के कारण रात में बाहर रहता था। इसलिए उन्होंने ज्यादा चिंता नहीं की। सुबह पुलिस और दोस्तों से घटना की जानकारी मिली। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर छानबीन की जा रही है।

### शिविरों का आयोजन

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में जिले की 577 ग्राम पंचायतों में 1 जुलाई से 30 अक्टूबर तक जन सुरक्षा कैंप अभियान चलाया जा रहा है। लीड बैंक ऑफिसर बीएस बघेल ने बताया कि 11 जुलाई तक 93 पंचायतों में कैंप लगाए जा चुके हैं। इन शिविरों में प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, री-केवाईसी, जनधन खाता और मुद्रा योजना का लाभ दिया जा रहा है। अब तक पीएमएसबीवाई में 1271, पीएमजेजेबीवाई में 755, एपुवाय में 127 और पीएमजेडीवाय में 215 हितग्राही लाभान्वित हुए हैं।

## 31 करोड़ 30 लाख रुपए से होगा शहर में सीसी सड़कों का निर्माण, सितंबर से शुरू होगा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नगर की प्रमुख सड़कों के सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए वर्ष 2025–26 के राज्य बजट में स्वीकृत कुल 31 करोड़ 30 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति वित्तीय समिति की अनुशंसा जारी कर दी गई है। लोक निर्माण विभाग ने आदेश में 10 जुलाई को यह स्वीकृति जारी की है। अब 15 अगस्त तक इन सभी कार्यों की निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी और सितंबर माह से निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत सीसी रोड निर्माण के लिए जिन मार्गों को बजट में शामिल किया गया है उनमें पूरनपुरा लिंक गली नंबर 5 से अहमदपुर मार्ग तक 1.50 किमी सड़क 3 करोड़ 33 लाख 90 हजार रुपए से लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जाएगी। विधायक मुकेश टंडन ने केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह का आभार व्यक्त किया है।

### शहर की इन सड़कों का भी होगा निर्माण



*शहर में माधवगंज हॉस्पिटल रोड से रविशंकर चौराह नीमताल चौक तक 1 किमी सड़क का निर्माण 2 करोड़ 60 रुपए से कराया जाएगा। वहीं कागदीपुरा में गुरुद्वारा–बालबिहार होते हुए हॉस्पिटल रोड तक 1.40 किमी की सड़क 3 करोड़ 56 लाख, रामलीला से बजरिया गल्लामंडी चौक तक 1.60 किमी सड़क 3 करोड़ 65 लाख, किरी मोहल्ला से बरईपुरा चौराह तक 1.20 किमी सड़क 2 करोड़ 76 लाख, नीमताल से तिलक चौक और मयूर न्यूज चौक से बड़ा बाजार तक 1.10 किमी सड़क 2 करोड़ 2 लाख और माधवगंज चौराहे से बजरिया तक 2.30 किमी सड़क 8 करोड़ 22 लाख रुपए की राशि से बनाई जाएगी।*

## विदिशा का खिलाड़ी मलेशिया में करेगा भारत का प्रतिनिधित्व, शहरवासियों ने जुटाई आर्थिक सहायता



**विदिशा।** 13वीं एशियाई जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 23 से 27 जुलाई तक मलेशिया में होने जा रहा है। विदिशा के लिए यह गर्व का क्षण है कि शहर के प्रतिभाशाली ताइक्वांडो खिलाड़ी विराट मांझी का चयन भारतीय ताइक्वांडो टीम में हुआ है। विराट की पारिवारिक स्थिति अत्यंत विषम है। उनके पिताजी का पूर्व में निधन हो चुका है, और प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए आवश्यक 1 लाख 80 हजार की राशि जुटाना उनके लिए बड़ी चुनौती बन गया था। इस कठिनाई की खबर फैलते ही शहर के जागरुक नागरिक, समाजसेवी और खेलप्रेमी मदद के लिए आगे आए। विशेष रूप से जेम्स ऑफ विदिशा के सदस्यों और विदिशा ट्रक एवं ट्रांसपोर्ट ओनर्स एसोसिएशन ने इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला कलेक्टर अंशुल गुप्ता और जिला खेल अधिकारी प्रदीप रावत के समक्ष शहरवासियों ने तत्परता से आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई, जिससे विराट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत और विदिशा का नाम रोशन करने का अवसर मिल सका। शहरवासियों की इस एकजुटता और सहयोग भावना की सर्वत्र सराहना हो रही है।

## सिरोंज विधायक ने बीज वितरण कर अस्पताल व सहकारिता विभाग का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आनंदपुर



सोमवार को उत्कृष्ट विद्यालय में विधायक उमाकांत शर्मा ने विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। विधायक शर्मा ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति को रेखांकित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया है।

उन्होंने कांग्रेस पर विकास में बाधा डालने का आरोप भी लगाया। कार्यक्रम के दौरान एनएफएसएम योजना के तहत 10 अनुसूचित जनजाति किसानों को 4-4 किलो उड़द बीज किट वितरित की गई। लटेरी क्षेत्र के कुल 350 किसानों को इस योजना का लाभ मिलेगा। विधायक ने शासकीय अस्पताल और सहकारिता विभाग का निरीक्षण कर अधिकारियों को व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं जिनमें से कई का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष आवेदनों को अधिकारियों को सौंपकर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। मौके पर एसडीएम हर्षल चौधरी समेत अनेक अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

सम्राट गार्डन में चल रही कथा और पार्थिव शिवलिंग निर्माण

## शिवालयों में लगा भक्तों का तांता, किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सावन के पहले सोमवार पर शिवभक्तों का उत्सव देखने को मिला। माधवगंज चौराहे स्थित कांच मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने शिवालयों में पहुंचकर जल, बेलपत्र, धतूरा, शहद, घी और शर्करा से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया।

मंदिर में भीड़ को देखते हुए महिलाओं और पुरुषों की अलग-अलग कतारें बनाई गईं। स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। शहर के अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। वटेश्वर मंदिर में भी सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। वहीं बेतवा तट स्थित शिवालयों में भी सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर जलाभिषेक किया। सावन के पूरे माह शहर में धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। शहर का पूरा वातावरण धार्मिक हो जाता है। इधर धर्म श्री संस्था द्वारा सम्राट गार्डन में पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं शिव महापुराण का आयोजन किया गया है। आयोजन में सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचकर पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर रहे हैं। धर्मश्री के संस्थापक मनोज कटारे ने बताया कि प्रतिवर्ष पार्थिव शिवलिंग निर्माण का यह आयोजन संस्था द्वारा कराया जाता है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्मलाभ लेते हैं और कथा सुनते सुनते पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया जाता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में धर्म लाभ लेने की अपील की है।







**विदिशा।** सम्राट गार्डन में आयोजित कथा और पार्थिव शिवलिंग निर्माण के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2650
उच्चतम भाव- 4260
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 2650
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव-2440
चना
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-5751
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3215
उच्चतम भाव-3531
धान
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-3080
मसूर
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-7300
सरसों
न्यूनतम भाव-4270
उच्चतम भाव-8212
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-4310
मूंग
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-7510
उड़द
न्यूनतम भाव-1700
उच्चतम भाव-5500
अलसी
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-5500
धनिया
न्यूनतम भाव-6090
उच्चतम भाव-6570

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 7545 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### हौम्योपैथी डॉक्टर सुरेश श्रीवास्तव का निधन



गंजबासौदा। स्व. राधिका प्रसाद श्रीवास्तव ( रिटायर्ड पटवारी ) ताल वालों के जयेष्ठ पुत्र एवं राजेंद्र श्रीवास्तव, डॉ दिलीप श्रीवास्तव, मनोज लाला कस्बाताल के बड़े भाई, शुभम, आदित्य , देवांश के ताऊजी डॉक्टर सुरेश श्रीवास्तव (होम्योपैथ) वालों का देवलोक गमन हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास विजया बैंक के पीछे , खारे कुआं वाली गली, वार्ड क्रमांक 2 से प्रातः 10:30 बजे पाराशरी मुक्तिधाम के लिए निकाली जावेगी। यहां उल्लेखनीय है कि डॉ सुरेश श्रीवास्तव पेशे से शिक्षक थे और उन्हें होम्योपैथी का भी अच्छा ज्ञान था। शिक्षक रहते हुए ही वे हौम्योपैथी से उपचार भी करते थे और पूरे क्षेत्र में अपने होम्योपैथी के उपचार के लिए प्रसिद्ध थे। नागरिकों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दुःखी परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

# अब समय आ गया है, गंजबासौदा को वासुदेव नगर के रूप में पहचान मिले: डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





आध्यात्मिक और धार्मिक ऊर्जा से भरा यह शहर प्राचीन काल से ही समृद्धशाली होने के साथ-साथ सिद्ध संतों की तप स्थली रहा है। दस्तावेजों में इसके प्रमाण हैं। हजारों वर्ष पहले राजा भोज के भतीजे राजा उदयादित्य ने शहर के पास ही उदयपुर नगर बसाते हुए प्रसिद्ध नीलकंठेश्वर मंदिर का निर्माण कराया। क्षेत्र में आसपास फैली प्राचीन पुरा संपदा इसकी धार्मिकता का प्रमाण देती हैं। गंजबासौदा को पहले वासुदेव नगर के नाम से ही जाना जाता था। लेकिन किन्हीं कारणों से इसे गंज बासौदा के रूप में पहचान मिली। लेकिन अब समय आ गया है उसकी खोई हुई पहचान फिर से वासुदेव नगर के रूप में मिले। मध्य प्रदेश में भी में कई शहरों के नाम बदले गए हैं इसलिए गंजबासौदा का नाम भी बदलना चाहिए। इसके लिए वह किसी भी मंच पर अपनी बात रखने को तैयार हैं। उचित मंच पर यहां के जिम्मेदार नागरिकों, बुद्धिजीवी वर्ग को अपनी बात रखते हुए गंजबासौदा का नाम वासुदेव नगर रखने के लिए संयुक्त प्रयास करने चाहिए।

यह बात जीवाजीपुर स्थित बाबा जगन्नाथदास संस्कृत विद्यालय वेदांत आश्रम में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए रामानंदाचार्य संप्रदाय के जगदगुरु डॉ राम कमलाचार्य वेदांती महाराज ने कही। जगद्गुरु डॉ वेदांती जी महाराज तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव के समापन मौके पर वेदांत आश्रम में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तीर्थराज प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ में देश के धर्माचार्यों, पीठाधीश्वरों,विभिन्न संप्रदाय के अखाड़ों ने उन्हें सनातन धर्म में रामानंद संप्रदाय की प्रमुख पीठ के जगद्गुरु की पदवी प्रदान की। इसका सारा श्रेय वह गंज बासौदा की तपोभूमि को देते हैं इस भूमि का ही प्रताप है कि इस पद के लिए उनका चयन हुआ। बाल्यावस्था में उन्हें तपस्वी सिद्ध संत बाबा जगन्नाथ दास जी के सानिध्य में रहने का सौभाग्य मिला और उनकी इच्छा के अनुसार नगर में संस्कृत विद्यालय की स्थापना की। उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर आज आश्रम चलने का प्रयास कर रहा है। आश्रम से शिक्षित विद्यार्थी आज विभिन्न क्षेत्रों में पहचान कायम कर नगर का नाम रोशन कर रहे हैं।

पत्रकार वार्ता के पश्चात जगदगुरु डॉ वेदांती जी महाराज ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव के समापन मौके पर प्रवचन श्रृंखला में बताया कि ये जो आपको जीवन मिला, शरीर मिला है सम्पूर्ण तन-मन से ईश्वर की भक्ति करने में, ईश्वर को प्राप्त करने में लगा देना चाहिये। इस जीवन को और जो समय हैं आपके पास उसको कभी व्यर्थ मत जाने दो। आप सबके गुरु बहुत सारे होते हैं सिर्फ जिनसे आप दीक्षा लेते वही होते हैं लेकिन साथ में आपके और भी गुरु होते हैं, पृथ्वी, वृक्ष, आकाश, वायु, अग्नि, जल, आदि यह सब भी आपके गुरु ही हैं। इस मौके पर डॉ वेदांती जी अपने गुरु स्थान वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम पहुंचे जहां उन्होंने भगवान जगन्नाथ महाप्रभु और भगवान सीताराम जी के नवीन विग्रहों के दर्शन कर उनका पूजन कर भगवान के नवीन विग्रह को अद्वितीय बताया।

आश्रम के जीर्णोद्धार पर भी उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की। लगभग एक घंटे तक जगतगुरु डॉ वेदांती आश्रम में रुके रहे और पुरानी यादों में खो गए। उन्होंने विजय हनुमान मंदिर पहुंचकर भी हनुमान जी महाराज का दर्शन और पूजन किया। इस मौके पर नौलखी के महंत राम मनोहर दास जी महाराज ने उनका स्वागत अभिनंदन किया।

## नगर सहित आसपास के अंचल के शिवालयों में उमड़ा जनसैलाब

# श्रावण सोमवार को शिव आराधना के लिए निकलीं कई कांवड़ यात्राएं







हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्रावण मास के पहले सोमवार को इलाके के शिवालयों में सुबह से लेकर देर शाम तक शिवार्चन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। वहीं श्रद्धालुओं द्वारा घरों में भी पार्थिव शिवलिंग निर्माण, शिवाभिषेक, महामृत्युंजय जाप आदि शुरू करवा दिए गए हैं।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सोमवार को नगर से शिव भक्तों द्वारा कांवड यात्राएं निकाली गई। यह कांवड यात्रा नगर के त्योंदा रोड से पचमा बायपास होते ही गमाखर धाम एवं जय स्तंभ चौक, बरेठ रोड होते हुए उदयपुर पहुंची। जहां काविड़यों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। कांवड़ यात्रा का नगर में अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर इलाके के गमाखर स्थित प्राचीन शिव मंदिर, मनकामेश्वर महादेव मंदिर, शीतला शक्तिधाम, नौलखी मंदिर, कालाबाग स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, कांच मंदिर, गंज स्थित शिव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में भी शिवाभिषेक एवं पूजन अर्चन हुए। जबकि श्रद्धालुओं ने घरों एवं आसपास के मंदिरों में भी भगवान भोलेनाथ की आराधना के लिए तरह तरह के अनुष्ठान किए। सोमवार को हजारों श्रद्धालुओं ने उदयपुर पहुंचकर भगवान नीलकंठेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर दर्शन किए। दूर-दूर से कावड़ यात्रा कर भक्तजन भोलेनाथ के दर्शन को ढोल और धमाकों के साथ उत्साह, उमंग के साथ नृत्य कर उत्सव मनाते हुए पहुंचे। मंदिर परिसर के सामने बनी मण्डली में भक्तों ने देसी धुन पर भजनों का आनंद लिया। प्रशासन एवं सुरक्षा समिति के लोगों ने लाइनें लगाकर भक्तों को भगवान के दर्शन कराए।

गर्भगृह में प्रवेश बंद करते हुए बाहर नंदी महाराज के पास से ही श्रद्धालुओं को दर्शन कराए गए। उदयपुर, मध्य प्रदेश में नीलकंठेश्वर मंदिर एक प्रसिद्ध मंदिर है, जिसका इतिहास 11 वीं शताब्दी से जुड़ा है। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है और इसका निर्माण परमार वंश के राजा उदयादित्य ने करवाया था। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा मंदिर को राष्ट्रीय महत्व का स्मारक घोषित किया गया है और इसका संरक्षण किया जा रहा है। मंदिर के पूर्वी बरामदे में एक शिलालेख है जो 1080-81 ई. में मंदिर के निर्माण का उल्लेख करता है। मंदिर के मुख्य द्वार पर गंगा यमुना की प्रतिमाएं हैं और मंदिर के शिखर के नीचे एक मानव प्रतिमा है, जिसे कुछ लोग मंदिर के मुख्य शिल्पकार तो कुछ मंदिर का ध्वज वाहक मानते हैं। यह मंदिर क्षेत्र में आस्था एवं भक्ति का केन्द्र है।

## कायस्थ समाज अध्यक्ष का हुआ सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कायस्थ महापरिषद का नगर में मिलन समारोह आयोजित किया गया। जहां मध्य प्रदेश कायस्थ समाज महापरिषद के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सक्सेना के साथ प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष विनोद सक्सेना ने कायस्थ समाज में उत्कृष्ट कार्य एवं समाज की गतिविधियों में अग्रणी रहने पर नगर कायस्थ विकास कल्याण समिति के अध्यक्ष महेश नारायण श्रीवास्तव का शाल, स्मृति चंद्र प्रमाण पत्र भेंट कर उनका सम्मान किया गया। वहीं उनके किए गए कार्यों की प्रशंसा भी की गई। उन्होंने कहा कि नगर में कायस्थ विकास कल्याण समिति पिछले कई सालों से बेहतर कार्य कर रही है, जहां समाज का मंदिर और धर्मशाला बन गया है, यहां समाज के लोग समाज के कार्यकारिणी, अध्यक्ष का बेहतर सहयोग रहा है। कार्यक्रम के बाद प्रदेश अध्यक्ष बेहलोट स्थित चित्रगुप्त मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना कर दर्शन किए। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव राजेंद सक्सेना, प्रदेश सचिव जगदीश सक्सेना, प्रदेश प्रभारी अजय सक्सेना राजगढ, जिला अध्यक्ष मुकेश सक्सेना, भोपाल संभाग अध्यक्ष राजेश कुमार सक्सेना, उज्जैन संभाग अध्यक्ष देवेन्द्र सक्सेना, राष्ट्रीय कवि एवं सामाजिक कार्यकर्ता दीपक सक्सेना चित्रांश, समिति की महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हेमलता सक्सेना, भोपाल संभाग प्रभारी विनोद श्रीवास्तव, महामंत्री कृष्णा सक्सेना, प्रदेश उपाध्यक्ष अश्विनी सक्सेना सहित समाज बंधु उपस्थित रहे।

## नगर में हुई कई घंटे झमाझम बारिश



**गंज बासौदा।** सोमवार सुबह से लेकर दोपहर तक तेज धूप निकली जिससे लोगों को गर्मी और उमस के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं दोपहर बाद मौसम में बदलाव आया और आसमान में घने बादल छाए जिसके बाद शाम के समय नगर में कई घण्टों झमाझम बारिश होती रही। जिससे नदी, नालों का जल स्तर बढ गया एवं सड़कों पर पानी जमा हो गया। कई घंटों तक हुई तेज बारिश से मौसम में ठंडक घुल गई। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले एक सप्ताह से इलाके भर में लगभग प्रतिदिन ही अच्छी बारिश हो रही है। इस लगातार बारिश से जहां नदी नालों में उफान आने लगा है, वहीं आम जन जीवन भी प्रभावित हो रहा है।

## ग्राम सेमरी के शाला परिसर में किया पौधारोपण

**गंजबासौदा।** ग्राम सेमरी के महारानी अवंतीबाई लोधी योग मैदान में एक पेड़ मां के नाम नामक विशेष अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. इन्द्रेश कुमार के आह्वान पर शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत हर नागरिक को अपनी मां या धरती मां के नाम पर एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया जाता है। इस वर्ष यह अभियान पांच जून से 30 सितंबर तक चलेगा। परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा द्वारा जिलों के सभी शिक्षा अधिकारियों को भेजे गए निर्देशों में कहा गया है कि इस अभियान को मिशन लाइफ के तहत संचालित किया जाएगा। स्कूलों में ईको क्लब की मदद से इसे लागू किया जाएगा, जिससे बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों और स्थानीय समुदाय की भागीदारी की जाएगी। जीवन के पोषण में माताओं की भूमिका का सम्मान और पृथ्वी के स्वास्थ्य में योगदान। पेड़ जीवनदायी होते हैं, और एक माँ की तरह, वे अगली पीढ़ी को पोषण, सुरक्षा और भविष्य प्रदान करते हैं। इस पहल के माध्यम से, प्रतिभागी न केवल अपनी माँ के सम्मान में एक स्थायी स्मृति बनाते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की महती आवश्यकता को भी संबोधित करते हैं। सरपंच पन्नालाल लोधी ने बताया आज से यह अभियान पूरी पंचायत मे प्रारंभ किया जा रहा है पीपल, सिंदूर, बिल्व पत्र, बरगद, आंवला पांच पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गुरूदेव डॉ. इन्द्रेश कुमार के आह्वान पर पूरे देश मे एक पेड़ मां के नाम अभियान सघनता से चलाया जा रहा है। इसी चरण में प्रथम श्रावण सोमवार को शिव शंभू को प्रिय लगने वाले औषधीय व दैवीय पौधों का रोपण किया जा रहा है। महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया एक पेड़ माँ के नाम का मतलब है माँ के नाम पर एक पेड़ यह एक अभियान है जिसका उद्देश्य लोगों को अपनी माताओं के सम्मान में पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करना है, चाहे वे जीवित हों या दिवंगत। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना है।

## गली निर्माण के समय नहीं दिया नाली निर्माण पर ध्यान, अब होती है समस्या

# नवांकुर डॉल्फिन स्कूल गली में से कराई जलनिकासी की व्यवस्था





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को दोपहर में हुई जोरदार बारिश से जनपद पंचायत कार्यालय के पास नवांकुर डाल्फिन स्कूल वाली गली में जलभराव हो गया। इस गली में एक ओर तो नाली बनी है, लेकिन दूसरी ओर आधे हिस्से में ही नाली बनी हुई है, लेकिन इस नाली को भी मुख्य नाले से नहीं जोडा गया था। जिससे बरसात के कारण इस गली में पानी भर गया। इस जलभराव के समय स्कूल की छुट्टी भी हो गई थी और वहां से निकलने में बच्चों एवं अन्य लोगों और वाहन चालकों को काफी असुविधा हो रही थी।

इस स्थिति को देखते हुए कुछ जागरूक नागरिकों ने नपा के स्वच्छता अधिकारी आरके नेमा को जानकारी दी। उनके निर्देश पर नपा के दरोगा संतोष जेसीबी एवं अमले को लेकर मौके पर पहुंचे और गली में जेसीबी की मदद से अस्थाई नाली खुदवाई गई और फिर नवनिर्मित नाले के आसपास से खुदाई कराते हुए गली की नाली को नाले से जोडा गया। तब जाकर वहां से जलनिकासी हो सकी। यहां उल्लेखनीय है कि इस गली के एक बडे हिस्से में जनपद पंचायत की बाउंड्रीवाल है, जिससे लगकर नाली का निर्माण नहीं हुआ है। ऐसे में वहां बरसात के समय में हमेशा जलभराव होता है। साथ ही बाउंड्रीवाल से लगकर ही लोग कचरा एवं अन्य गंदगी फेंक देते हैं। जिससे यहां के रहवासियों और राहगीरों को असुविधा होती है।

### कीचड़ से वार्डवासी हो रहे परेशान



**गंज बासौदा।** इन दिनों नगर के वार्ड नंबर 7 की प्रजापति वाली गली में कीचड़ होने से यहां के रहवासियों को आवागमन में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने बताया कि 15 दिवस पहले नल जल योजना के अंतर्गत गड्ढे खोदकर नवीन पाईप लाइन बिछाई गई जिसके बाद पुराव नहीं किया गया। जिसके कारण यह हालत हुई है। गली से गुजरने के दौरान दो पहिया, चार पहिया वाहन के पहिया कीचड़ में फंस रहे हैं तथा पैदल निकलना संभव नहीं हो पा रहा है। रहवासियों ने नगर पालिका से गली में चूरी डालकर पुराव कराए जाने की मांग की है। जिससे रहवासियों को परेशानी से निजात मिल सके।

## शासकीय शिक्षकों का शैक्षणिक स्तर प्राइवेट से अच्छा

**गंजबासौदा।** शिक्षक संघर्ष संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने बताया कि शासकीय शिक्षक को शासन के अन्य विभागों के लगभग पचासों तरह के काम और शिक्षा विभाग के अनेकों गैर जरूरी काम सौंप रखे हैं फिर भी उनकी शालाओं का शैक्षणिक स्तर प्राइवेट शालाओं से अच्छा है। हमारी शालाओं में शाला निधि भी सीमित मात्रा में आती है लेकिन हमारे विभाग के अधिकारियों को वह बहुत बड़ी रकम नजर आती है। हर काम शाला निधि से करबाने के निर्देश देते रहते है। जबकि इस अल्प निधि में बह अपनी शालाओं की साल भर की व्यवस्था कैसे करता है, कोई नही जानता, इन समस्याओं के बाद भी हम सभी शिक्षकों को छात्रों को शिक्षा और संस्कार देने मे कोई कसर नही छोड़ना है। कलेक्टर की मंशानुरूप कार्य करना है वही शिक्षक संघ के विनय सक्सेना शिक्षक संगठन के नवलसिंह रघुवंशी, विजय श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र हो, आईडी हो, आधार कार्ड हो, यह कार्य क्या शिक्षक का है लगभग 3 वर्ष मे आंगनवाड़ी मे नाम लिखे जाते है वहां यह दस्तावेज क्यों नही मांगे जाते। वहीं शिक्षक कांग्रेस के मनोज शर्मा, संदेश मिश्रा, समग्र शिक्षक उत्थान संघ के सौदान सिंह सूर्यवंशी ने कहा कि शासन ने कई तरह के ऐप तैयार किए है। उनकी लिंक शिक्षक को भरना पड़ती है जबकि उनका कोई ओचित्य नही है शिक्षक शैक्षणिक कार्य नही कर पाता है और लिंको में ही उलझा रहता है। वहीं उमराव सिंह कुशवाह, राज्य शिक्षक संघ के राजेश एलिया, राजेश दीक्षित ने कहा कि शिक्षक पर गैर शिक्षकीय और अन्य विभागों के इतने कार्य है कि वह ईमानदारी से भी करना चाहे तो भी उसे समय कम पड़ता है। वहीं आजाद अध्यापक संघ के केशव रघुवंशी, चंद्र भूषण किरार, प्रांतीय शिक्षक संघ के कृष्ण गोपाल राय, लोकेश श्रीवास्तव ने कहा आखिर शासन की मंशा क्या है क्या शिक्षा जरूरी नही है, अन्य कार्य महत्वपूर्ण है 0। जो कार्य शासकीय शिक्षक पर हैं उनमे से कितने कार्य प्राइवेट शालाओं के शिक्षको पर हैं इसके बाद भी हम उनसे अव्वल हैं और फिर भी हमें शिक्षक एप या जियो टेक के माध्यम से अपना ईमानदारी प्रमाणित करना पड़ती है। संघर्ष मोर्चा के मीडिया प्रभारी अमर सिंह तोमर, लम्पूराम अहिरवार, जितेन्द्र नामदेव ,भगतसिंह रघुवंशी, रामस्वरूप कुशवाह ने कहा कि अगर जियोटेक इतनी सफल है तो अधिकारियों को नटेरन ,सिरौंज आदि अन्य ब्लाकों मे निरीक्षण के समय कई शालाओ मे शिक्षक क्यों अनुपस्थित पाये गये, निरीक्षण और अन्य कार्यों हेतु इतना बड़ा अमला होने का क्या ओचित्य है, जब हमारी निगरानी एप के माध्यम से ही होना है और बाकी के सभी कार्य भी एप से ही करना है तो शिक्षकों के अलावा अन्य अमले की क्या जरूरत है। शिक्षकों से सिर्फ शैक्षणिक कार्य करवाओ और शिक्षकों की छवि धूमिल मत करो। शिक्षा ,शिक्षक और छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करना छोड़कर, प्रयोग की पाठशाला न बनाकर शिक्षक और शिक्षा को उसकी मूल अवधारणा पर ही रहने दिया जाए तभी परिवर्तन और शिक्षा की सार्थकता है।

## खबर संक्षेप

### कालीटोर पिपरई में हुई मारपीट, मामला दर्ज

**दीवानगंज।** कालीटोर पिपरई गांव में रविवार देर रात दो व्यक्तियों में किसी बात को लेकर आपस में मारपीट हो गई, जिससे रामस्वरूप अहिरवार घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कालीटोर पिपरई निवासी रामस्वरूप अहिरवार ने दीवानगंज पुलिस चौकी में गणेश राम साहू निवासी कालीटोर पिपरई के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज कराया है। रामस्वरूप ने कहा है कि देर रात गणेशाराम साहू ने उसके साथ मारपीट की, जिससे रामस्वरूप घायल हो गया। पुलिस ने रामस्वरूप का मेडिकल कराया इसके बाद गणेशाराम के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### सांई बिहार कॉलोनी में बनेगी कांक्रीट सड़क



**रायसेन।** नगर पालिका द्वारा शहर के वार्ड 4 कलेक्टर बंगले के पीछे साँईं बिहार कॉलोनी में सीमेंट कांक्रीट सड़क बनेगी। इसके लिए कॉलोनी के रहवासियों द्वारा नपाध्यक्ष सविता जमना सेन, नपा सीएमओ सुरेखा जाटव का आभार माना है। सांई बिहार कालोनी में सुनील माली के मकान से लेकर जीवन सिंह राय के मकान से अजीज भाई के मकान से प्रवीण मिश्रा के मकान तक और प्रवीण मिश्रा के मकान से लेकर श्रीमति शीला देवी के मकान तक प्रवीण मिश्रा के मकान से आफताब पटेल के मकान तक एयू खान के मकान से नवेद खान के मकान तक सीसी रोड का भूमि पूजन किया। उक्त सीसी सड़क निर्माण कार्य की अनुमानित लागत राशि 33 लाख की है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि जमना सेन ने कहा कि शहर में विकास का पहिया थमने नहीं दिया जाएगा। इस मौके पर पार्षद दीपक थौरात मौजूद रहे।

## सेहतगंज से ढोल नगाड़ों के साथ भाजपाई करेंगे अगवानी, जगह-जगह किया जाएगा मंचों से फूल बरसाकर 'स्वागत'

# आज धूमधाम से मनेगा विकास पुरूष व लाड़ले विधायक डॉ. चौधरी का जन्मदिवस

- प्रिय नेता के स्वागत के लिए बिछाए 'पलक पांवड़े'
- धार्मिक कार्यक्रमों और सम्मान की रहेगी धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं सांची सीट के वरिष्ठ विधायक विकास पुरुष डॉ प्रभुराम चौधरी का जन्मदिन 15 जुलाई मंगलवार को धार्मिक कार्यक्रमों, गरीब दीनहीनों की सेवाभाव के बीच गरिमामय माहौल में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर पार्टी नेता कार्यकर्ता खासे उत्साहित हैं। भाजपा नेता, उनके समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा ढोल नगाड़ों के बीच अगवानी कर वाहनों के काफिलों के साथ श्रीराम परिसर सागर रोड़ लाएंगे।

विकास पुरूष एवं कर्मठ जुझारू भाजपा विधायक डॉ चौधरी के जन्मदिवस पर सुंदरकांड पाठ एवं प्रसादी वितरण का आयोजन भी होगा। मंगलवार को संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन भाजपा श्रीराम परिसर में दोपहर 12 शुरू होगा। सांची विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी नेताओं, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं से जन्मदिन में शामिल होने का अनुरोध किया है।



### श्रीराम परिसर में होगा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन

#### रायसेन शहर को दुल्हन की तरह सजाया....

*विधानसभा सांची सीट के पूर्व कैबिनेट मंत्री बीजेपी विधायक एवं विकास पुरुष डॉ प्रभुराम चौधरी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जगह जगह होर्डिंग बैनर पोस्टरों सागर भोपाल स्टेट हाइवे रायसेन सांची और रायसेन भोपाल मार्ग किनारे भाजपाइयों और विधायक के समर्थकों के कट आउट बैनरों से शहर को पाट दिया गया है। नगर की इमारतों भव्य बिल्डिंगों को सजाया गया है।*

#### शहर में जगह-जगह मंचों से होगा लाड़ले विधायक का जोशीला स्वागत

*नगर में सांची सीट के लाड़ले विधायक एवं विकास पुरुष डॉ प्रभुराम चौधरी के जन्मदिन पर उनके स्वागत को लेकर भाजपा नेता जनप्रतिनिधि और पार्टी कार्यकर्ता खासे उत्साहित हैं। शहर में लगभग एक सैकड़ा जगहों से बनाए गए मंचों से फूलमालाओं और पुष्प वर्षा कर किया जाएगा स्वागत।*


# श्रावण का पहला सोमवार, शिवालयों में सुबह से लगी शिव भक्तों की भीड़

## प्राचीन शिव स्थानों पर पहुंचे शिवभक्त, किया अभिषेक पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

सावन का महीना भगवान भोले शंकर को अति प्रिय है। सावन के पहले सोमवार को नगर के शिवालयों एवं प्राचीन शिव स्थानों पर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक, पूजन करने शिव भक्तों की भारी भीड़ का नजारा बना रहा। इसी के साथ क्षेत्र के नर्मदा तटो पर पहुंचे शिव भक्तों ने नर्मदा स्नान कर नर्मदा जल लाकर शिवलिंग का अभिषेक, पूजन किया गया।

सावन के महिना भर भजन, पूजन, शिव अभिषेक इत्यादि के कार्यक्रम नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में होंगे। शिव भक्ति, पूजन के लिए महिलाओं में अधिक उत्साह के कारण शिवालयों में सुबह से ही पूजन की थाली, जल से भरा कलश लेकर महिलाएं शिवालयों में पहुंचती रही। सावन के पहले सोमवार को घरो-घर शिव अभिषेक, पूजन के विशेष कार्यक्रम भी शुरू हो गए है। इसी के साथ मंदिरों में महिलाओं के भजन मंडलों द्वारा धार्मिक भजनों का संगीतमयी गायन भी किया जाने लगा है।



#### अति प्राचीन सिद्ध शिव स्थान

*माँ नर्मदा के आंचल, विन्ध्यांचल पर्वत की श्रेणियों में अनेक प्राचीन ऐतिहासिक शिव स्थान और सदियों पुराने मंदिर है। तहसील के ऐतिहासिक प्राचीन ग्राम जामगढ़, भगदेई के शिव मंदिरो में स्थानीय के साथ अन्य स्थानों ग्रामों से आए शिव भक्त महिला, पुरूषों की भीड़ बनी रही। शिव स्थान बापौली धाम जो कि संस्कृत पाठशाला और सर्व सुविधापूर्ण गौशाला और तपस्या साधना का केन्द्र बना हुआ है। प्राचीन शिव मंदिर और सिद्ध शिवलिंग के अभिषेक, पूजन के लिए शिव भक्तों की भारी उपस्थिति रही। बाड़ी के पास मृगन्नाथ की गुफा, किवलाझिर के शिव मंदिर और घोघरा नदी के उदगम स्थल भंडारियां में भी शिव भक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ का अभिषेक, विशेष पूजन किया गया।*

# कॉम्बिंग गश्त में तीन वारंटी हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

स्थानीय पुलिस की कार्रवाही से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने कॉबिंग गश्त के दौरान 3 वारंटियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। जानकारी के अनुसार शनिवार-रविवार की रात एसपी पंकज कुमार पाण्डे के निर्देशन में एसडीओपी अनिल मौर्य, थाना प्रभारी पूनम सविता के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाही करते हुए एक स्थाई वारंटी तथा दो अन्य मामलो के फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया। वांरटियो व अन्य अपराधियो को पकड़े जाने का अभियान रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक चला। इसके अतिरिक्त पुलिस के द्वारा वाहनो की चैकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके तहत चालानी कार्रवाही कर वाहन चालको से 12 हजार रुपए वसूले गए तथा समझाइश भी दी गई।

थाना प्रभारी पूनम सविता ने कहा अपराध मुक्त बनाना और समाज में शांति एवं सुरक्षा की भावना मजबूत करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

### टीएल बैठक में कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाइन गतिविधियों की समीक्षा

**रायसेन।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा सीएम हेल्पलाईन, विभागीय गतिविधियों और योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की जनकल्याणकारी और हितग्राहीमूलक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए तथा हर पात्र हितग्राही तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समयावधि में निराकरण कराएं।

पुराना ट्रेक्टर बेचना है
MP-38-ZC-3882
2023 MODEL
NEW HOLLAND 3600-2
इच्छुक व्यक्ति निम्न पते पर संपर्क करें।
सुन्दरम फाइनेंस लिमिटेड
साँची रोड़, विदिशा
मो.: 9425600144

**न्यायालय तहसीलदार तहसील शमशाबाद जिला विदिशा (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक-0003/अ-(20)/2025-26
शमशाबाद दिनांक 04.07.2025
// भूमि आवंटन-इश्तहार //

एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम लाडपुर को सूचित किया जाता है कि उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा ग्राम लाडपुर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 226 में 12.875 हे., 227 रकवा 45.675 हे., का आवंटन स्वावलंबी गौशाला हेतु शासकीय भूमि पशुपालन एवं डेयरी विभाग जिला विदिशा को म.प्र.भू. रा. सं. 1959 की धारा 237 (3) के तहत पेश किया गया।
अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई भी आपत्ती हो तो वह अपनी आपत्ती इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 18/07/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद गुजर जाने के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
नोट :- इश्तहार एक प्रति जमादार माल बाद तामील इस न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें।

तहसीलदार
तहसील शमशाबाद जिला विदिशा (म.प्र.)

विदिशा जिले का एक मात्र संस्थान जिसमें है।
मध्यभारत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट
BA-LLB (Hons) — 5 Years Integrated Course (After 12th)
LLB — 3 Years Course (After Graduation)
D.Pharma — 2 Years Course (After 12th Math, Bio)
प्रवेश प्रारंभ
अधिवक्ता एवं जज बनने का सपना साकार करें।
कॉर्पोरेट ऑफिस : जवाहर लाल नेहरू कॉलेज, रामद्वारा, विदिशा (म.प्र.)
9827011587, 9827796812, 07592-470255, 471025
संचालक मजहर अली जाफरी

law.kbtgroup.in
E-PRAVESH CODE - INS3230
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबंद्धता, उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त एवं BCI से अनुमोदित
KUSHABHAU THAKRE COLLEGE
3 YEARS LLB (बैचलर ऑफ लॉ)
NH-146, Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
ADMISSIONS OPEN

# श्रावण के पहले सोमवार पर रथों पर सवार होकर निज धाम पहुंचे भगवान जगन्नाथ स्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गढ़ाकोटा



सागर जिले के गढाकोटा में परंपरानुसार सावन के पहले सोमवार के दिन गाजे बाजे अखाड़ों के साथ भगवान जगन्नाथ स्वामी, वहिन सहोद्रा ओर बलदाऊ भैया 14 दिन बाजार वार्ड स्थित मालगुजार परिवार के जनकपुरी मंदिर में ठहरकर वापिस अपने निज धाम पटेरिया स्थित जगदीश मंदिर अलग अलग रथो पर सवार होकर देर शाम पहुंचे। इसके पूर्व मालगुजार परिवार द्वारा रथो पर विराजे जगन्नाथ स्वामी की आरती कर विदाई की गई। भगवान कि वापसी के अवसर सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा आरती की। वहीं भगवान जगदीश स्वामी की वापिसी की रथयात्रा मे शामिल हुये । वहीं रथयात्रा के अंतिम चरण में पटेरिया धाम पर तीनों रथों के पहुंचने पर महंत हरिदास जी द्वारा भगवान जगदीश स्वामी जी की अगवानी की गई साथ ही मंदिर प्रांगण में रथों पर विराजमान भगवान जगन्नाथ स्वामी, मां सहोद्रा और बलदाऊ भैया की आरती कर राई नमक से नजर उतारकर पुनः जगदीश मंदिर में विराजमान किया गया। इस अवसर पर मंदिर महिलाओं द्वारा बधाईयां गाकर भगवान पुनः मंदिर में आने पर स्वागत गीत गाये गये।

### बारिश में सावधानी अपनाएं सुरक्षित जगह पर ही रहें

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा नागरिकों से आंधी, बिजली और बारिश के दौरान सावधानी बरतने की अपील की गई है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि बारिश के दौरान एवं जल भराव होने की स्थिति में पुल-पुलियों और रपटों पर पानी होने पर उन्हें पैदल या वाहन से पार न करें, बिजली के उपकरणों से दूरी बनाकर रखें और जरूरी खाद्य सामग्री तैयार रखें। स्थानीय समाचार चैनल या अन्य माध्यम से जानकारी लेते रहें और बाहर जाने से बचें ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके। साथ ही बारिश में पूरी साव धानी बरतें। आसमानी बिजली, आंधी-तूफान से खुद को बचाएं। ऐसी स्थिति में बाहर खुले में कोई भी स्थान सुरक्षित नहीं होता है।

# सीहोद गांव में प्रथम सोमवार को लगा श्रद्धालुओं का तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर



तहसील के अंतर्गत आने वाला सीहोद गांव इन दिनों श्रद्धालुओं के लिए आस्था का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। यहां लगभग 900 साल पुरानी जमुना गिर महाराज की जिंदा समाधि स्थित है, जिसे लेकर लोगों की अटूट श्रद्धा है।

मान्यता है कि यहां सर्पदंश यानी सांप के काटे गए व्यक्ति को लाया जाए तो उसे चमत्कारी रूप से लाभ मिलता है।कमलेश गिरी महाराज ने बताया कि हर सोमवार को यहां एक छोटा मेला भरता है, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। विशेष रूप से सावन माह में यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। सावन के हर सोमवार को यहां करीब 1000 से 1500 श्रद्धालु पहुंचते हैं और समाधि स्थल पर दर्शन कर पूजा अर्चना करते हैं।श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अस्थायी छोटी-छोटी दुकानें भी लगाई जाती हैं, जहां पूजन सामग्री, प्रसाद और जलपान की व्यवस्था रहती है। प्रशासनिक दृष्टि से यह स्थल एक धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है, जिससे स्थानीय लोगों को भी रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

### डॉक्टर जनार्दन सिंह जादौन अध्यक्ष बने

**विदिशा।** रोटरी क्लब विदिशा के अंतर्गत कपूर पैराडाइज गार्डन में भव्य अधिष्ठापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें डॉक्टर जनार्दन सिंह जादौन रोटरी क्लब विदिशा के अध्यक्ष के पद पर अपनी नवीन कार्यकारिणी के साथ अधिष्ठापित हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीजीई संस्कार कोठारी जी ने रोटरी के द्वारा किए जाने वाले विभिन्न प्रकल्पों के बारे में बताया। अधिष्ठापन अधिकारी डीजीएन मुकेश साहू ने नवीन कार्यकारिणी को रोटरी की शपथ दिलाई। विशेष अतिथि सुजीत देवलिया जी ने डिस्ट्रिक्ट के कार्यक्रमों के बारे में बताया तथा डॉक्टर सुरेंद्र सोनकर ने रोटरी फेलोशिप पर बात कही। क्लब के नवीन अध्यक्ष डॉ जादौन द्वारा जनहित में आगामी वर्ष भर किए जाने वाले कार्यों का ब्यौरा दिया। कार्यक्रम के दौरान एक सिलाई मशीन एक जरूरतमंद महिला को दी गई तथा एक व्हीलचेयर रोटेरियन पवन अग्रवाल द्वारा अपनी मां स्व तारा देवी जी की स्मृति में स्थानीय अपना घर आश्रम को दी गई। कोषाध्यक्ष का पदभार रितेश कपूर ने ग्रहण किया।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा इस जाहिर सूचना में नीचे प्रकाशित नोटिस रजिस्टर्ड डाक से वृजकिशोर जी को भेजा जा चुका है जो उनके निवास पते पर प्राप्त भी किया जा चुका है के संबंध में सर्वसाधारण से आग्रह है कि उक्त भू-खण्ड प्लाट वावत् बृजकिशोर पलोड जी से कोई भी व्यक्ति या संस्था किसी भी प्रकार का लेन-देन, क्रय-विक्रय या अनुबंध आदि ना करे अन्यथा कि स्थिति में वह स्वयं ही जिम्मेदार होगें।

रजिस्टर्ड नोटिस ए.डी

**नोटिसदाता** - सुरेन्द्र कुमार पीतलिया पुत्र श्री छगनमल जी पीतलिया आयु 66 वर्ष निवासीं एम-370 गौतम नगर भोपाल (म.प्र.) जर्ये अभिभाषक सुभाष भडारी निवासी 1-स्वामी महावीर मार्ग भंडारी गली अंदर किला विदिशा (म.प्र.) कार्यालय 1 स्वामी महावीर मार्ग भंडारी गली अंदर किला विदिशा (म.प्र.)।

**नोटिसग्रहीता** - बृजकिशोर पलोड पुत्र स्व. श्री राधेश्याम जी पलोड निवासी हॉस्पिटिल रोड विदिशा जिला विदिशा (म.प्र.)।

1- यह कि आप नोटिस ग्रहीता ने मेरे पक्षकार के बड़े भाई अशोक कुमार पीतलिया के पक्ष में एक विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 31.03.2001 को विदिशा नगर के उस समय के वार्ड क्रमांक 12 पाण्डेय कालोनी स्थित 966 वर्ग फीट की भूमि प्लाट का बिल एवज पाच लाख अन्ठान्ये हजार रुपए विक्रय अनुबंध पत्र संपादित कर पूर्ण रूपया प्राप्त कर कब्जा प्रदान कर संपादित किया था चूंकि उस समय अशोक कुमार पीतलिया जी के पास रजिस्ट्री खर्च की राशि की व्यवस्था न होने के कारण एवं आप नोटिस ग्रहीता का भी प्लाट पर नामान्तरण न होने के कारण उस समय विक्रय पत्र संपादित नहीं हुआ और यह तय हुआ कि जब भी नोटिसदाता के भाई नोटिसग्रहीता से कहेगें नोटिसदाता विक्रय पत्र संपादित करने के लिये पाबंद रहेंगें।

2- यह कि तदोपरान्त विक्रय अनुबंध पत्र अनुसार विक्रय पत्र संपादित होने के पूर्व ही नोटिसदाता के भाई अशोक पीतलिया जी का निधन दिनांक 11.11.2010 को हो गया और उसके बाद उक्त अनुबंधित भूमि पारिवारिक व्यवस्था बंटवारे में मेरे पक्षकार नोटिसदाता के पक्ष में परिवार से प्राप्त हुयी और तभी से मेरा पक्षकार नोटिसदाता उक्त अनुबंधित भूमि पर विक्रय अनुबंध पत्र अनुसार काबिज हो गया है और तभी से काबिज होकर उक्त अनुबंधित प्लाट का उपयोग व उपभोग कब्जे अनुसार कर रहा है।

3- यह कि वर्तमान में उपरोक्त वर्णित विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 31.03.2001 में वर्णित प्लाट पर आप नोटिस ग्रहिता द्वारा राजस्व न्यायालय न्यायालय तहसील नगरीय विदिशा के प्रकरण क्रमांक 4745/अ-6/2024-25 के द्वारा आप नोटिस ग्रहीता ने अपना नामान्तरण करा लिया है अत: आप नोटिस ग्रहीता मेरे पक्षकार नोटिस दाता के पक्ष में अनुबंध पत्र दिनांक 31.03 2001 के पालन में इस सूचना पत्र के प्राप्त होने के 15 दिवस के अन्दर विक्रय पत्र संपादित करावें मेरे पक्षकार नोटिसदाता के पास रजिस्ट्री शुल्क की पर्याप्त व्यवस्था है और मेरा पक्षकार 31.03.2001 के अनुबंध पत्र अनुसार रजिस्ट्री खर्च की व्यवस्था होने के उपरान्त से नोटिसदाता के भाई एवं उनकी मृत्यु के उपरान्त से नोटिसदाता अर्थात् 01 मई 2001 से रजिस्ट्री कराने हेतु हमेशा तत्पर व तैयार रहा है किन्तु आप नोटिस ग्राहीता द्वारा ही हमेशा कोई न कोई कारण बताकर टालम टोल की जाती रही है और मेरे पक्षकार नाटिसदाता एवं आप नोटिस ग्रहीता के मध्य आपसी संबंध अच्छे होने के कारण भी व्यवहारिक रूप में दोनों एक दूसरे का कहा मानते रहे हैं किन्तु अब वर्तमान में जबकि आप नोटिसग्रहीता द्वारा मेरे पक्षकार नोटिसदाता के पक्ष में किये गये अनुबंध पत्र दिनांक 31.03.2001 में वर्णित उपरोक्त भूमि पर जब आप नोटिसग्रहिता द्वारा नामान्तरण कराया जा चुका है तो आप नोटिसग्रहीता का भी यह दायित्व बनता है कि आप नोटिसग्रहीता बिना किसी हीला हवाला या टालम टोल बिना नोटिस मिलने के 15 दिवस के अंदर उपरोक्त वर्णित अनुबंधित भूमि जो वर्तमान में ग्राम कस्बा विदिशा प.ह. नं. 2 तहसील नगर विदिशा स्थित भूमि सर्वे नं 849,850 के 966 वर्ग फीट भू-खण्ड पर जो आप नोटिस ग्रहीता का नामान्तरण हुआ है उस नांमान्तरण हुयी भूमि का मेरे पक्षकार नोटिसदाता के पक्ष में अनुबंध पत्र दिनांक 31.03.2001 के पालन में वयनामा संपादित करावें अन्यथा बाद गुजरने म्याद आप नोटिस ग्रहीता द्वारा मेरे पक्षकार नोटिसदाता के तैयार रहने के उपरान्त वयनामा संपादित न कराने की स्थिति में जर्ये अदालत वय बिल जब्र की कार्यवाही की जावेगी जिसके समस्त हर्जे व खर्चे की जवावदारी आप नोटिसग्रहीता की रहेगी लिहाजा सूचित हो।
इति दिनांक 03.07.2025

भवदीय
नोटिसदाता- सुरेन्द्र कुमार पीतलिया जर्ये अभिभाषक सुभाष भंडारी
जाहिर सूचनादाता - सुरेन्द्र कुमार पीतलिया पुत्र श्री छगनमल जी पीतलिया निवासी एम-370 गौतम नगर भोपाल (म.प्र.)




जीवेत शरदः शतम्
साँची विधानसभा क्षेत्र के जनप्रिय एवं लोकप्रिय विधायक माननीय
डॉ प्रभुराम चौधरी जी
को जन्मदिन की
कोटि कोटि बधाई एवं
हार्दिक शुभकामनाएं
रंजीत लोधी
सरपंच, ग्राम पंचायत चांदना
सौजन्य : ग्राम पंचायत चांदना, जिला रायसेन


जीवेत शरदः शतम्
साँची विधानसभा क्षेत्र के जनप्रिय एवं लोकप्रिय विधायक माननीय
डॉ प्रभुराम चौधरी जी
को जन्मदिन की
कोटि कोटि बधाई एवं हार्दिक
शुभकामनाएं
कालूराम जी विश्वकर्मा
पूर्व सरपंच, ग्राम पंचायत नकरात
सौजन्य - समस्त भाजपा कार्यकर्ता मंडल सांचेत, जिला रायसेन


जीवेत शरदः शतम्
साँची विधानसभा क्षेत्र के जनप्रिय एवं लोकप्रिय विधायक माननीय
डॉ प्रभुराम चौधरी जी
को जन्मदिन की
कोटि कोटि बधाई एवं हार्दिक
शुभकामनाएं
सौजन्य
एक शुभेच्छु, रायसेन
प्रकाश मुनियन
एस मुनियन
पूर्व जनपद अध्यक्ष सांची


जीवेत शरदः शतम्
साँची विधानसभा क्षेत्र के जनप्रिय एवं लोकप्रिय विधायक माननीय
डॉ प्रभुराम चौधरी जी
को जन्मदिन की कोटि कोटि बधाई
एवं हार्दिक शुभकामनाएं
सौजन्य
समस्त कार्यकर्ता भाजपा रायसेन
सतेंद्र सिंह चौहान
उपाध्यक्ष
भाजपा मंडल रायसेन
मयंक चतुर्वेदी
संयोजक
खेल प्रकोष्ठ भाजपा रायसेन
बृजेश चतुर्वेदी
वरिष्ठ भाजपा नेता


साँची विधानसभा के विकास पुरूष लोकप्रिय विधायक
मा. डॉ. प्रभुराम चौधरी जी
को जन्मदिन की अनंत शुभकामनाऐं
श्रीमति मीना दीपेन्द्र सिंह कुशवाह
उपाध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, रायसेन
सौजन्य से - माध्यम ग्रुप, रायसेन
श्रीमति सविता- जमना सेन
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, रायसेन